WORLD UNIVERSITY OF DESIGN

प्रेस विज्ञप्ति

डब्ल्यूयूडी के नई पीढ़ी के विद्यार्थियों ने दिल्ली टाइम्स फैशन वीक में डिज़ाइन एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया

डब्ल्यूयूडी के विद्यार्थियों ने इस फैशन वीक में परफेक्टली इमपरफेक्ट थीम के तहत अपने पुरस्कृत वर्क इन प्रोग्रेस कलेक्शन प्रदर्शित किया

नई दिल्ली, 8 अप्रैल, 2019: डब्ल्यूयूडी के स्कूल ऑफ फैशन के विद्यार्थियों ने 6 अप्रैल, 2019 को **दिल्ली टाइम्स फैशन वीक** में अपनी डिज़ाइन प्रदर्शित की। यह कलेक्शन प्री–फाइनल ईयर के फैशन के विद्यार्थियों का एक वर्क इन प्रोग्रेस था और यह **परफेक्टली इमपरफेक्ट** थीम पर आधारित था। इस संपरिधान में ज्यादातर अप्रत्याशित और कंट्रास्टिंग कलर्स, प्रिंट्स, मटेरियल्स और टेक्सचर्स के मिश्रण थे जिन्हें आमतौर पर एक बेमेल माना जाता है।

ज्योमेट्री की अवधारणा से प्रेरित भड़कीले रंगों और प्रिंट्स के मेल वाले इन संपरिधानों में मॉडल्स ने रैंप पर वॉक किया। इस कलेक्शन को नया और विकसित की संज्ञा दी गई और फैशन डिज़ाइनरों ने इन्हें खूब सराहा और इसे भारी सफलता करार दिया। इस शो में मौजूद स्टाइलिस्ट और विशेषज्ञों ने भी इसकी भरपूर सराहना की।

इस कलेक्शन के बारे में वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिज़ाइन के तीसरे वर्ष के छात्र मनीष पटवाल ने कहा, ''यह कलेक्शन उन चीज़ों की कल्पना की खूबसूरती बयां करता है जिन्हें हम एक सिरे से त्रुटिपूर्ण कह देते हैं। चूंकि हम उत्तराधिकार, प्रभाग, हिस्सों और कणों में जीते हैं, इसलिए यह एक बचपन के एहसास को वयस्क की ताकत में लाने के बारे में है जिसमें चिंतन की एक खूबसूरत विषयवस्तु का निर्माण करने के लिए बच्चे के आश्चर्य और नयापन के भाव का मेल है।''

वर्क इन प्रोग्रेस शो की अवधारणा के बारे में वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिज़ाइन के कुलपति डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा, ''यह साल के मध्य में किए गए काम की लोगों के बीच प्रस्तुति है। इस मामले में न केवल काम साल के मध्य में है, बल्कि इनका प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थी अपने चार साल के फैशन डिज़ाइन प्रोग्राम के तीसरे साल में हैं। एक शो में इस तरह के कार्य को पेश करने के लिए काफी विश्वास की जरूरत पड़ती है। मुझे इस कलेक्शन में किए गए अनुसंधान और फैब्रिक्स की व्याख्या को देखकर गर्व की अनुभूति हो रही है। रचनात्मकता मजबूती से उभर कर सामने आई है।''

इस थीम के तहत पेश कलेक्शन में डिज़ाइन में रेखाओं और आकारों का मिश्रण है और इसे कॉटन और कॉटन से मिले धागों से तैयार किया गया है। पैचवर्क, लेयरिंग, एप्लीक्यू जैसी तकनीकी का उपयोग जिस तरह से भड़कीलों रंगों का उपयोग करके किया गया है, उसी से संपरिधान तैयार हुए हैं।

इन विद्यार्थियों का मार्गदर्शन वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिज़ाइन के कुलपति डॉक्टर संजय गुप्ता, स्कूल ऑफ फैशन के डीन श्री देवेन्दर खार्ब, निफ्ट दिल्ली के फैशन डिज़ाइन एल्युमिनी श्री एसके सत्यम सहित अन्य लोगों द्वारा किया गया।

वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिज़ाइन के बारे में

हरियाणा के सोनीपत में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में स्थित वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन (डब्ल्यूयूडी) में अत्यधिक योग्य फैकल्टी सदस्य हैं जिन्हें निफ्ट, एनआईडी, एलसीएफ–लंदन, एफआईटी–न्यूयार्क, एसपीए और दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षा और प्रशिक्षण मिला है। डब्ल्यूयूडी निरंतर विद्यार्थियों के सीखने और अनुभव लेने पर ध्यान केंद्रित करती रही है। इस युनिवर्सिटी को एक प्रसिद्ध एडवाइजरी बोर्ड द्वारा आकार और मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इस बोर्ड में डिज़ाइन के क्षेत्र के दिग्गज लोग जैसे श्री एजी कृष्ण मेनन, सुश्री पायल जैन, श्री पीटर डी एस्कोली, श्री अमरदीप बहल और नेहा कृपाल आदि शामिल हैं। डब्ल्यूयूडी क्यूमलस का पूर्ण सदस्य भी है। क्यूमलस कला, डिज़ाइन और मीडिया के विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों का अंतरराष्ट्रीय संघ है जिसके 60 देशों में 160 से अधिक विश्वविद्यालय सदस्य हैं। यह वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के साथ संवाद करने और उनके साथ काम करने की सुविधा डब्ल्यूयूडी के विद्यार्थियों को उपलब्ध कराता है।

मीडिया पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें:

Kommune Brand Communication
Shweta Sharma/ Reshma Khan
Email: shwetasharma@kommune.in/reshma@kommune.in
Contact: 7838484850/ 9654857604